मैं क्रिकेटर नहीं बनना चाहता था, लेकिन अपने पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए मैंने क्रिकेट में अपना करियर बनाया।
- संजू सैमसन

भारतीय क्रिकेटर, अपने जन्मदिन पर पिता की इच्छा को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि वह 30 नवंबर को होने वाले चुनावों में कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। द कैपिटल होटल में टीम गेम चेंजर्स द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा कि वह जल्द ही अपनी बाकी टीम के नामों का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं केएससीए अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। बाकी टीम के बारे में, मैं नामों की घोषणा बाद करूंगा।'' प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट का स्तर खासकर पिछले तीन सालों में तेजी से गिरा है।

क्या आप जानते हैं ?... रोहित शर्मा 38 साल की उम्र में नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बनकर सचिन तेंदुलकरको पीछे छोड़ते हुए एक और रिकॉर्ड बनाया।

फेलिक्स को हराकर जैनिक सिनर ने शानदार जीद के साथ एटीपी फाइनल्स में शुरूआत की

ट्यूरिन (इटली), 11 नवंबर। विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की। इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा, यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है। पेरिस मास्टर्स फाइनल में कनाडाई खिलाड़ी को हराने के ठीक आठ दिन बाद सिनर ने यह जीत दर्ज की है।

प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

नैना की जीत में सचिन व आयुष चमके

जयपुर, 11 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अण्डर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी जगतपुरा में खेले गये मुकाबले में नैना क्रिकेट एकेडमी ने आयुष शर्मा 77 रन नाबाद व सचिन मीणा 16 रन पर 4 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत तारिक क्रिकेट एकेडमी को 153 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर नैना क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 49 रन पर ही अपने 6 विकेट गवा दिये लेकिन आयुष शर्मा 77 रन नाबाद व निश्चल शर्मा 42 रन ने मिलकर जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 40 ऑवर में 8 विकेट खोकर 200 रन पंहुचा दिये। गेंदबाजी में तारिक क्रिकेट एकेडमी की ओर 8 ओवर 1 मेडन 17 रन पर 4 विकेट, अयान 29 रन पर 2 विकेट, गणेश मीणा 22 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में तारिक किक्रेट एकेडमी की ओर से सम्बित स्वैन 11 रन व रेहान खान 10 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नैना क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों सचिन 16 रन पर 4 विकेट, मनन मीणा 9 रन पर 2 विकेट, जिज्ञांश मीणा 10 रन पर 2 विकेट, आरव चौधरी 6 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष 21.4 ओवर में मात्र 47 रन पर सिमट गयी और 153 रन से मैच गवा दिया। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच सचिन मीणा नैना क्रिकेट एकेडमी रहे।

एस.आर. एकेडमी की जीत में जतिन का अर्द्धशतक नयन माली का ऑलराउंड खेल

जयपुर, 11 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज एन.बी क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में एस आर, क्रिकेट एकेडमी ने जतिन सांवरिया 68 रन (40 गेंद, 8 चौके, 3 छक्के) के धुंआधार अद्धर्शतक व 1 विकेट तथा नयन माली 38 रन व 40 रन पर 3 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन की बदौलत एस.आर. क्रिकेट एकेडमी ने मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी को कप्तान गौरव साल्वी 61 रन की शानदार पारी के बावजूद नजदीकी मुकाबले में 4 रन से हराकर महत्वपूर्ण 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर एस आर क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये जतिन सांवरिया 68 रन, मीत राहुल पारीक 23 रन ने 8.5 ओवर में 93 रन जोड़कर पहले विकेट पर शानदार शुरूआत की उसके बाद नयन माली 38 रन के साथ मिलकर निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 169 रन बनाये। गेंदबाजी में मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी की ओर से राहुल जगराल 29 रन पर 2 विकेट, विशाल शर्मा 31 रन पर 2 विकेट तथा अरिन्जय बाफना, अमृत पाल सिंह व निपुन शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी की ओर से कप्तान गौरव साल्वी ने एक छोर पर शानदार बल्लेबाजी करते हुये 61 रन (43 रन 7 चौके 2 छक्के), विशाल शर्मा 27 रन नाबाद, आदित्य जांगिड़ 20 रन ने मिलकर अपनी टीम को जीत दिलाने का भरसक प्रयास किया लेकिन 195 ओवर में पूरी टीम 165 रन पर सिमट कर 4 रन से मैच गवा बैठी। एस.आर क्रिकेट एकेडमी की ओर से नयन माली 40 रन पर 3 विकेट, मीत राहुल पारीक 17 रन पर 2 विकेट, दीपम शर्मा 29 रन पर 2 विकेट तथा जरित सांवरिया 29 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच नयन माली एस.आर क्रिकेट एकेडमी रहे।

दिल्ली के लालकिला विस्फोट का असर, ईडन गार्डंस में भारत-अफ्रीका मैच से पहले सुरक्षा घेरा

कोलकाता, 11 नवंबर। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गयी है।

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद करने को कहा था। इस सुरक्षा-व्यवस्था में ईडन गार्डन्स स्टेडियम के बाहरी क्षेत्र, प्रवेश द्वार और दर्शक दीर्घाओं पर त्रि-स्तरीय पुलिस व्यवस्था की जाएगी। आयोजन स्थल के अंदर और बाहर सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को स्टेडियम के अंदर और बाहर तैनात किया जाएगा। दर्शकों की मेटल डिटेक्टर और हैंडहेल्ड स्कैनर से कम से कम दो बार जांच की जाएगी।

बैग आदि निषिद्ध वस्तुओं को स्टेडियम के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। शहर के उन होटलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है जहां क्रिकेट टीमें ठहरेंगी। इसके साथ ही स्टेडियम और अभ्यास सत्रों के लिए उनकी आवाजाही भी कड़ी कर दी गई है। ईडन गार्डन्स में, बाहरी परिधि, प्रवेश द्वार और दर्शक दीर्घाओं को कवर करते हुए एक व्यापक त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा लागू किया जा रहा है। स्टेडियम के अंदर और आसपास हर गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जाएगी और हैंडहेल्ड स्कैनर और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रवेश की गहन जाँच की जाएगी। आयोजन स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैग या प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश सख्त वर्जित रहेगा।

भारत को चुनौती देना दक्षिण अफ्रीका के लिए पहाड़ जैसा : सौरव गांगुली

नई दिल्ली, 11 नवंबर। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के लिए भारत के खिलाफ उसकी घरेलू परिस्थितियों में खेलना एक कठिन चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर मजबूत है और ईडन गार्डन्स में एक उच्च-स्तरीय मुकाबले की उम्मीद है। भारत शुक्रवार से कोलकाता में शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। गांगुली ने कहा कि यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होगा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि प्रोटियाज एक अच्छी टीम है और यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए। गांगुली ने जियोस्टार पर कहा कि पहला टेस्ट कुछ ही दिनों में कोलकाता में शुरू हो रहा है, और यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होने वाला है। भारत के खिलाफ भारत में खेलना कभी आसान नहीं होता। भारत उपमहाद्वीप में एक बहुत ही मज़बूत टीम है, और आजकल विदेशों में भी एक मज़बूत टीम है। मैं ईडन गार्डन्स में होने वाले टेस्ट का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ। दक्षिण अफ्रीका एक अच्छी टीम है, इसलिए यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए। शुभमन गिल की अगुवाई में, भारत अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के विदेशी दौरे और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से करने के बाद घरेलू श्रृंखला में प्रवेश कर रहा है। इस बीच, टेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीका टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद यहाँ पहुँच रही है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पाँच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ खेली, जहाँ गिल ने 75.40 की असाधारण औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं। इंग्लैंड सीरीज़ के बाद, भारत ने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज़ पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया। कोलकाता में शुरुआती टेस्ट के बाद, सीरीज़ गुवाहाटी में स्थानांतरित हो जाएगी, जहाँ दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के मैदान पर वापसी की उम्मीद है। यह दौरा पाँच मैचों की टी20 सीरीज़ के साथ समाप्त होगा, जो अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमों के लिए बहुमूल्य तैयारी का अवसर प्रदान करेगा।

दमदार लय में सिराज! दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खुद को साबित करने को बेताब

नई दिल्ली, 11 नवंबर। मोहम्मद सिराज ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वह 14 नवंबर (शुक्रवार) से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। सिराज, दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ, गत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन के खिलाफ भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। 31 वर्षीय हैदराबादी तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, घरेलू श्रृंखला में प्रभाव छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। सिराज ने कहा कि यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत विजेता है। हालाँकि उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, हम अपने अच्छे फॉर्म से आश्वस्त हैं, हमने एक सकारात्मक माहौल बनाया, इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की। व्यक्तिगत रूप से, मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूँ और इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हूँ। मजबूत टीमों का सामना करने से सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ।

सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने दोनों मैचों में 13 की असाधारण औसत से 10 विकेट लिए। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें भारत ने 2-2 से बराबरी की। भारतीय तेज गेंदबाज श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे, उन्होंने 23 विकेट लिए, जिसमें दो बार पांच विकेट और एक बार चार विकेट शामिल हैं। उन्होंने 1100 से अधिक गेंदें फेंकी, जो श्रृंखला में किसी भी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई सबसे अधिक गेंदें हैं।

अंडर-17 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग प्रारंभ, पहले दिन हुए तीन मैच

जयपुर, 11 नवम्बर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज घड़ौता अजमेर रोड जयपुर फुटबॉल मैदान पर रविवार से इतिहास में पहली बार अंडर - 17 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025 का आगाज राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अंडर - 17 खिलाड़ियों की यह लीग राजस्थान में पहली बार आयोजित की जा रही है जिसमें सात प्रोफेशनल कल्ब भाग ले रहे राजस्थान यूनाइटेड फुटबाल क्लब, जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबाल क्लब, रियान फुटबाल क्लब अजमेर, ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, जयपुर एलिट फुटबॉल क्लब, जयपुर फुटसाल फुटबॉल क्लब, राजस्थान फुटबॉल एकेडमी जोधपुर जो दो महीने तक चलेगी जिसमें राज्य के 07 प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब कुल 42 मैच खेलेंगे।

'अस्मिता लीग' में पार्टिसिपेंट्स का फाइनल रिजल्ट

जयपुर, 11 नवंबर। 'अस्मिता लीग' में अलग-अलग इवेंट्स में हिस्सा लेने वाले पार्टिसिपेंट्स का फाइनल रिजल्ट 10 नवंबर 2025 को ऑर्गनाइज़ किया गया। इवेंट का नाम, (14 साल की लड़कियाँ - ग्रुप), सृष्टि शर्मा, इशिका यादव, जानवी का सिंह। (14 साल की लड़कियाँ -ठ्ठुप), चंचल धनखड़, अदिति, अनुष्का। (14 साल की लड़कियाँ -ग्रुप), जूही कुमारी, वर्षा, गनिका। इवेंट का नाम (16 साल - लड़कियाँ), रश्मि प्रजापत, (लॉन्ग जंप), सान्वी तंवर, रामली, कविता बाई (60 मीटर रेस), कशिका, छवि गहलोत, कनिष्का, (600 मीटर रेस), संजू गुर्जर, अदिति भडासरा, अनुष्का चौहान (शॉट पुट), दिव्या आचार्य, आरवी खंडेलवाल, पायल कंवर, (डिस्कस थ्रो), रूपाली कंवर।

सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

काहिरा (मिस्त्र) 11 नवंबर। भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्त्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243.7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0.4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221.7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16 के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20) और ईशा सिंह (583-25) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमश: छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पायी।

जम्मू-कश्मीर ने 65 साल में पहली बार दिल्ली को सात विकेट से हराया

नई दिल्ली, 11 नवंबर। कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43.3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली।

विदर्भ ने ओडिशा को 100 रनों से हराया

नागपुर 11 नवंबर। पार्थ रेखड़े (पांच विकेट) और प्रफुल हिंगे (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में ओडिशा को 100 रनों से हराकर पूरे छह अंक अर्जित किये। ओडिशा के स्वास्तिक समल और गौरव चौधरी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय 100 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद मध्यम और पिछल्लू बल्लेबाजों के विकेट जल्द गंवा करते रहे और मेहमान टीम के लिए 345 रनों का पीछा करना मुश्किल हो गया। लेफ्ट-आर्म स्पिनर पार्थ रेखाडे ने इस प्रारुप में पहली बार पांच विकेट लिये, जबकि प्रफुल हिंगे को तीन विकेट मिले। ध्रुव शोरे को मैच में दो शतक 144 और 101 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

एक अन्य मैच में आज सुबह हैदराबाद ने राजस्थान को जीतने के लिए 340 रन का लक्ष्य दिया था मेहमान टीम 207 रन ही बना सकी और मैच ड्रॉ हो गया। पहले दो विकेट के लिए 79 और 94 रन की साझेदारी ने राजस्थान को लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद दी, लेकिन आखिर में यह बहुत मुश्किल साबित हुआ। सलमान खान ने चेज में सबसे अधिक 79 रन बनाए, जबकि महिपाल लोमरोर ने दूसरी पारी में चार विकेट झटके। पहली पारी में 129 रन बनाने वाले राहुल रादेश प्लेयर ऑफ द मैच रहे। हैदराबाद ने तीन अंक हासिल किए।

असम ने त्रिपुरा को बोनस पॉइंट लेने से रोका। असम 364 रन से काफी पीछे रह गया था और त्रिपुरा को पारी से जीत की उम्मीद थी। इससे मेजबान टीम को बोनस अंक भी मिल जाता। लेकिन एक समय तीन विकेट पर 53 रन होने के बावजूद, असम ने वापसी करते हुए न सिर्फ त्रिपुरा को पारी से जीतने से रोका, बल्कि खुद भी एक अंक हासिल किया। डेनिश दास (103) और सिबशंकर रॉय (नाबाद 101) ने मेहमान टीम के लिए मोर्चा संभाला। इसके बावजूद, असम ग्रुप सी में आखिरी स्थान पर है जबकि त्रिपुरा छठे स्थान पर है।

सिक्किम ने बिहार के खिलाफ तीन अंक लिए। दूसरी पारी में एक समय बिहार का स्कोर पांच विकेट पर 185 रन था और उसके पास सिर्फ 21 रन की बढ़त थी। सिक्किम ने मेहमान टीम को सस्ते में आउट करके जीत हासिल करने का प्रयास किया। लेकिन बिहार ने बिपिन सौरभ (नाबाद 100), सूरज कश्यप (नाबाद 60) और कुमार रजनीश (52) की मदद से यह मुकाबला ड्रा हुआ। पहले, रजनीश और सौरभ ने छठे विकेट के लिए 75 रन जोड़े, और फिर सौरभ और कश्यप ने सातवें विकेट के लिए 132 रन की अविजित साझेदारी की। यह सिक्किम का लगातार चौथा ड्रॉ है। वह अंक तालिका में में पांचवें और बिहार तीसरे स्थान पर है।

कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच मैच ड्रॉ रहा। इस मैच के ड्रॉ होने के बाद कर्नाटक को तीन और महाराष्ट्र को एक अंक मिला। कर्नाटक ने चौथे दिन भी काफी देर तक बल्लेबाजी की। दूसरी पारी में मयंक अग्रवाल (103) और अभिनव मनोहर (95) ने शानदार प्रदर्शन किया, और कर्नाटक 13 रन की अहम पहली पारी की बढ़त के बाद तीन अंक पाकर खुश था। इस नतीजे के बाद कर्नाटक ग्रुप बी अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि महाराष्ट्र तीसरे नंबर पर है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो, मैस्कोट, एंथम, टॉर्च और जर्सी की लॉचिंग आज

ऐतिहासिक आमेर किले के जलेब चौक में होगा अनावरण समारोह

जयपुर, 11 नवम्बर। राजस्थान के इतिहास में पहली बार आयोजित होने वाले खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन 24 नवम्बर से 5 दिसंबर तक 24 खेलों में राजस्थान के 7 शहरों में किया जाएगा। बुधवार शाम 5.30 बजे केआईयूजी के लोगो, मैस्कोट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर फोर्ट के जलेब चैक पर अनावरण किया जायेगा।

शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् डा. नीरज के पवन ने बताया की राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर एवं जोधपुर में ये गेम्स आयोजित होंगे। पहली बार कैनोइंग, बीच वॉलीबॉल, कयाकिंग एवं साइकिलिंग को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग शामिल हैं। खो-खो को डेमोस्ट्रेषन खेल के रूप में षामिल किया गया है।

डा. नीरज के. पवन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। साथ ही, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समितियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

मध्यप्रदेश ने अंडर-23 एकदिवसीय मैच में राजस्थान को हराया

जयपुर, 11 नवंबर। मध्य प्रदेश पारी 290 आल आउट, टीम के लिए माधव तिवारी 124, शुभम 47 रन, राजस्थान के गेंदबाज चेतन शर्मा 45/ 2, दीपेंद्र, गणेश, रोहन, अनिरुद्ध व आयुष प्रत्येक 1 - 1 विकेट।

राजस्थान पारी 265 आल आउट - टीम के लिए मुकुल चौधरी 73, सुमित गोदारा 59, करण लाम्बा 40 रन, मध्य प्रदेश के गेंदबाज मंगेश 45 / 3 व सौम्य, आदित्य 2 - 2 विकेट। राज्य स्तरीय अंडर 19 डेज चैलेंजर ट्रॉफी, आज मनय कटारिया, शिफॉन खान के शतक व अंशु, कर्ण, शरद, बैभव, नील, विनोद, आनंद के अर्धशतक व विकास, पर्व, गुलाब, कृष्ण, पुरु की शानदार गेंदबाजी

1) टीम डी - टीम बी (टीम बी को पहली पारी में बढ़त) टीम डी पारी 345 आल आउट टीम के लिए आदित्य सैनी 139, आर्यन बिश्नोई 81 रन, टीम बी के गेंदबाज प्रखर शर्मा 61 / 3, आदित्य वाधवा व बैभव राजपुरोहित प्रत्येक 2 - 2 विकेट, टीम बी पारी 442 / 4, टीम के लिए शिफॉन खान 156, अंशु 69, कर्ण दवे नाबाद 63, शरद सुथार 78 व वैभव राजपुरोहित 52 रन।

2) टीम एच - टीम एफ (टीम एफ को पहली पारी में बढ़त) टीम एच पारी 166 आल आउट, टीम के लिए विहान जैन 51, सुनील 23 रन, टीम एफ के गेंदबाज पियूष दहिया 46 / 4, चिराग सुखवाल 40 / 3 व जतिन 8 / 2 विकेट, टीम एफ पारी 300 आल आउट, टीम के लिए नील 70 व विनोद 69 रन, टीम एच के गेंदबाज कृष्णा 28 / 3 विकेट

3) टीम सी - टीम ऐ (टीम ऐको पहली पारी मेंबढ़त) टीम सी पारी 193 आल आउट, टीम के लिए शिवांग सिंह 91, रक्षित लुनावत 49 व अभय शर्मा 19 रन, टीम ऐ के गेंदबाज पलांश चतुर्वेदी 13 / 3, केतन 16 / 2, गौरव 36 / 2 व हर्षित शर्मा 36 / 2 विकेट, टीम ऐ पारी 242 आल आउट, टीम के लिए मनय कटारिया 125, लक्ष्य शर्मा 45 रन, टीम सी के गेंदबाज विकास कुमार 34 / 3, पर्वझालानी 57 / 3 वशुभांकर त्यागी 25 / 2 विकेट।

4) टीम ई - टीम जी(टीम ई को पहली पारी में बढ़त) टीम ई पारी 311 आल आउट, टीम के लिए हितेश शेखावत 90, अनस 69, दीपेश 30 व आराध्य 29 रन, टीम जी के गेंदबाज अविनाश 40 / 3, नावेद 43/ 3, पृथ्वी, आदित्या प्रत्येक 2 - 2 विकेट। टीम जी पारी 262 आल आउट, टीम के लिए आनंद 60, नावेद 41, आदित्य 36, रजत 31 व कार्तिक नाबाद 24 रन, टीम ई के गेंदबाज पुरु देवद्वाल 40 / 3 व उदय, अभिषेक 2 - 2 विकेट।

राजस्थान-हैदराबाद रणजी मैच ड्रॉ

राजस्थान के महिपाल का ऑलराउंडर प्रदर्शन व सलमान खान की अर्द्धशतकीय पारी

जयपुर, 11 नवंबर। राजस्थान-मध्य प्रदेश अंडर 23 मैच (मध्य प्रदेश जीती)

राजस्थान के मुकुल चौधरी व सुमित गोदारा के अर्धशतक, चेतन शर्मा के बढ़िया गेंदबाजी, रणजी ट्रॉफी हैदराबाद में खेले जा रहे राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच आज अंतिम दिन ड्रा समाप्त, हैदराबाद को पहली पारी में बढ़त। हैदराबाद पहली पारी 364 आल आउट, राजस्थान के गेंदबाज अशोक शर्मा 89 / 3, राहुल चाहर 96 / 3, अनिकेत चौधरी 51 / 2 व सचिन यादव, आकाश सिंह प्रत्येक 1 - 1 विकेट प्राप्त किये।

राजस्थान पहली पारी 269 आल आउट- टीम के लिए कुणाल सिंह राठौर 83, अजय सिंह कुकना 58 रनो का योगदान दिया। हैदराबाद के गेंदबाज तनय थियागराजन 64 / 3 व मिलिंद 44 / 3 विकेट। हैदराबाद दूसरी पारी 244 / 9 घोषित - राजस्थान के गेंदबाज महिपाल लोमरोर 51 / 4, अशोक शर्मा 33 / 2 व अजय सिंह कुकना, आकाश सिंह प्रत्येक 1 - 1 विकेट।

राजस्थान दूसरी पारी 207 / 3 - आज अंतिम दिन मैच ड्रा समाप्त घोषित किये जाने तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट